राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद
स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार

व्यावसायिक शिक्षा योजना

हमारा उद्देश्य : कौशल भारत–कुशल भारत

दिशा–निर्देश

सत्र 2021–22





काज़िबी सागर
उपायुक्त-V
रा.स्कूल शि.प., जयपुर

(आशा गुप्ता)
उपनिदेशक
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर

नरेन्द्र कुमार जैन
सहायक निदेशक
रा.स्कूल शि.प., जयपुर

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
1	व्यावसायिक शिक्षा योजना – परिचय	1-3
2	योजना कियान्वयन में सहयोगी संस्थायें व उनके कार्य	3-6
3	योजना के मुख्य बिन्दु	6-8
4	व्यावसायिक शिक्षा विषय के अध्ययन की योजना	8-10
5	AWP & B 2021-22 में अनुमोदित बजट प्रावधान एवं व्यय सम्बन्धी दिशा–निर्देश	11-13
AWP & B 2021-22 में अनुमोदित गतिविधियों के क्रियान्वयन सम्बन्धी दिशा–निर्देश–		
6	गेस्ट लेक्चर	13-14
7	औद्योगिक भ्रमण एवं ऑन जॉब ट्रेनिंग	14-15
8	Hub & Spoke Model हेतु दिशा–निर्देश	16
9	Exposure to Vocational Education (Class 6 to 8)	17-18
10	Vocational Career Building Program	19
11	Skill Exhibition cum Competition	19-24
12	मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय/अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय	25
13	संस्था प्रधान द्वारा किये जाने वाले कार्य	26-28
14	व्यावसायिक शिक्षा योजना प्रभारी/कौशल मित्र के कार्य	28-29
15	व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता (VTP) द्वारा किये जाने वाले कार्य	29-30
16	व्यावसायिक समन्वयक के कार्य एवं दिशा निर्देश	30-31
17	व्यावसायिक प्रशिक्षक के कार्य एवं दिशा–निर्देश	32-33
18	वीटीपी द्वारा प्रस्तुत भुगतान पत्रावलियों बाबत् दिशा–निर्देश	34-35
19	व्यावसायिक प्रशिक्षक की संन्तोषप्रद सेवा का प्रमाण पत्र	36-37
20	व्यावसायिक समन्वयक निरीक्षण प्रपत्र	38-39
21	Raw Material, Maintenance of Tools	40
22	Office Expenses/Contingencies for School	41
24	व्यावसायिक शिक्षा संचालित 905 विद्यालयों की वर्षवार एवं जिलेवार सूची।	43-82
25	नवीन अनुमोदित 132 विद्यालयों एवं 50 Hub & Spoke Model विद्यालयों की जिलेवार, व्यवसायवार सूची	83-92
26	व्यावसायिक प्रशिक्षकों की योग्यता का विवरण	93-96
27	जिलेवार एंव व्यवसायवार व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालयों की संख्या	97
28	माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर द्वारा जारी अधिसूचना	98-99
29	व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाताओं को ट्रेडवार आंवटित विद्यलायों की संख्या	100-101
30	व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाताओं का विवरण	102
31	राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् एवं सहयोगी संस्थाओं द्वारा जारी निर्देश एवं पत्र	

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

द्वितीय तल, राजीव गान्धी विद्या भवन, डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर–302017
दूरभाष: 0141–2715548, 2709846 E-mail: mis.nsqf.raj@gmail.com

क्रमांक: रास्कूशिप/जय/व्या.शि./दिशा–निर्देश/2021–22/2680 दिनांक 24/08/2021

व्यावसायिक शिक्षा योजना दिशा निर्देश – सत्र 2021–22

अवधारणा–

वर्तमान में वैश्विक बाजार एवं विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों के लिये प्रशिक्षित रोजगारोन्मुखी एवं प्रतिस्पर्धात्मक मानवीय संसाधनों की मांग को दृष्टिगत रखते हुये मानव संसाधन एवं विकास मत्रांलय, भारत सरकार द्वारा विद्यालयी शिक्षा हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के अन्तर्गत सन् 1988 में व्यावसायिक शिक्षा योजना का शुभारम्भ किया गया जिसके माध्यम से 10,000 विद्यालयों के लगभग 10 लाख विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, किन्तु राज्य स्तर पर योजना का मूल्यांकन करने पर योजना को उचित स्थान नही मिल पाया। इसके पश्चात भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012 से 2017) में कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने एवं 14–18 आयु वर्ग के विद्यार्थियों की सीखने की अधिकतम क्षमता को देखते हुए विद्यालयी शिक्षा में योजना को पुनः शामिल करने हेतु आंशिक रूप से परिर्वतन किया जाकर संशोधित योजना **"Vocationalization of Secondary and Higher Secondary Education"** का फ्रेमवर्क तैयार किया गया। माध्यमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण एवं संशोधित व्यावसायिक शिक्षा योजना के संदर्भ में भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2014–15 से राज्य के 11 जिलों के 70 राजकीय विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा योजना प्रारम्भ की गई।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) में व्यावसायिक शिक्षा के सन्दर्भ में वर्णित मुख्य प्रावधान निम्नानुसार है :–

(1) व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यधारा की शिक्षा में एकीकृत किया जायेगा।

(2) चरणबद्ध तरीके से अगले दशक (2021 से 2030) माध्यमिक शिक्षा के सभी विद्यालयों में शैक्षणिक विषयों में व्यावसायिक शिक्षा को एकीकृत किया जायेगा।

(3) व्यावसायिक शिक्षा को एकीकृत करना यह सुनिश्चित करेगा कि –

(अ) विद्यालयी शिक्षा में प्रत्येक विद्यार्थी कम से कम एक व्यवसाय को सीखे व अन्य व्यवसायों से परिचित हो।

(ब) विद्यार्थियों को आरम्भिक वर्षों में व्यावसायिक शिक्षा के अनुभव प्रदान किया जायेगा जिससे कि सुचारू रूप से उच्च प्राथमिक, माध्यमिक कक्षाओं से होते हुए उच्चतर शिक्षा तक जाए।

(5) विद्यालयों में Hub & Spoke Model की प्रयोगशालाऐं स्थापित की जायेगी। जहां अन्य विद्यालय भी इस सुविधा का उपयोग कर सकेगें।

NEP 2020 के प्रावधानों में वर्णित दिशा–निर्देशों के क्रियान्वयन के क्रम में राज्य में सत्र 2021–22 में नवीन गतिविधियों का समावेश कर व्यावसायिक शिक्षा योजना तैयार की गई।

उद्देश्य –

1. शिक्षा एवं रोजगार के मध्य निर्दिष्ट अन्तराल को कम करना।
2. विद्यालयी शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाना।
3. आरम्भिक वर्षों (उच्च प्राथमिक) में विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के अनुभव प्रदान करना।
4. राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुखी बनाना।
5. उच्च प्राथमिक से होते हुए माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में रोजगार एवं कौशल विकास की क्षमता विकसित करना।
6. विद्यालय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में ड्रॉपआउटरेट कम कर ठहराव सुनिश्चित करना।
7. ग्रामीणतथा शहरी क्षेत्रों के, (1) अनुसुचित जाति, (2) अनुसुचित जनजाति (3) अन्य पिछड़ा (4) अल्पसंख्यक वर्ग (4) दिव्यांग वर्ग (5) अति पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों विशेष कर बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना।

राज्य में योजना क्रियान्वति के चरण–

वित्तीय वर्ष 2014–15 में भारत सरकार द्वारा राज्य के 11 जिलों के 70 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में चार ट्रेड/सेक्टर यथा IT/ITes, Healthcare, Beauty & Wellness तथा Automobile में व्यावसायिक शिक्षा योजना का अनुमोदन कर क्रियान्वयन किया गया। इसके पश्चात भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015–16 में राजस्थान के सभी 33 जिलों के 220 विद्यालयों में तीन अतिरिक्त ट्रेड/सेक्टर यथा Retail, Private Security तथा Travel & Tourism वित्तीय वर्ष 2016–17 में राज्य के 33 जिलों में 380 विद्यालयों में अतिरिक्त तीन ट्रेड/सेक्टर यथा Electrical and Electronics, Agriculture तथा Apparel Made-ups and Home Furnishings वित्तीय वर्ष 2017–18 में इनके अतिरिक्त 50 अतिरिक्त विद्यालयों तथा सत्र 2018–19 में 185 नये विद्यालयों में अतिरिक्त दो ट्रेड/सेक्टर Plumber व Telecom 03 नये ट्रेड/सेक्टर Banking Financial Services & Insurance, Food Processing व Construction तथा Hub & Spoke Model के अन्तर्गत 50 विद्यालय योजना संचालन हेतु अनुमोदित हुए है। वर्तमान सत्र से इनका क्रियान्वयन किया जाना है।

इस प्रकार वर्तमान सत्र 2021–22 में कुल 1087 (नवीन अनुमोदित विद्यालयों सहित) विद्यालयों में 15 ट्रेड/सेक्टर में निम्न जॉब रोल के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा का प्रशिक्षण कार्य संचालित है।

S.NO	Trades / Sectors	Job Role for Class IX-X	Job Role for Class XI & XII
1	Automotive	Automotive Service Technician L-3	Automotive Service Technician L-4
2	Apparel Made-ups & Home Furnishing	Sewing Machine Operator	Specialized Sewing Machine Operator
3	Agriculture	Solanaceous Crop Cultivator	Micro-irrigation Technician
4	Beauty & Wellness	Assistant Beauty Therapist	Beauty Therapist
5	Electronics & Hardware	Field Technician-Other home appliances	Installation Technician – Computing and Peripherals
6	Health Care	Home health Aid	General Duty Assistant
7	IT / ITES	Domestic Data Entry operator	Domestic CRM Voice
8	Retail	Cashier	Sales Associate
9	Private Security	Unarmed Security Guard	----
10	Tourism & Hospitality	Food & Beverage Service Trainee	Food and Beverage Service – Steward
11	Telecom	Optical Fibre Splicer	Optical Fibre Technician
12	Plumber	Plumber (General)	Plumber (General)
13	Banking Financial Services & Insurance	Micro Finance Executive	----
14	Construction	Assistant Masson	----
15	Food Processing	Baking Technician	----

योजना क्रियान्वयन में सहयोगी संस्थायें व उनके कार्य

शिक्षा मंत्रालय **MoE** (पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्रालय), भारत सरकार, नई दिल्ली :

1. भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजना के अन्तर्गत राज्यों के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के कौशल विकास की क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से व्यावसायिक शिक्षा योजना का अनुमोदन करना।
2. राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित विद्यालयों तथा ट्रेड/सेक्टर का अन्तिम रूप से चयन करना।

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् **(RCScE),** जयपुर :

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर समग्र शिक्षा अभियान की गतिविधियों के संचालन हेतु राज्य स्तर की संस्था है जिसके माध्यम से जिला, ब्लॉक एवं विद्यालय स्तर पर योजना का क्रियान्वयन किया जाता है।

a. भारत सरकार द्वारा अनुमोदित योजना का क्रियान्वयन करना।
b. जिला, ब्लॉक एवं विद्यालय स्तर पर योजना के क्रियान्वयन, प्रभावी मॉनिटरिंग तथा संचालन एवं समय समय पर आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करना।

c. योजना क्रियान्वयन हेतु राज्य स्तरीय समिति द्वारा व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता का चयन कर उन्हे योजना संचालन हेतु विद्यालयों का आवंटन एवं दिशा–निर्देश जारी करना।
d. भारत सरकार द्वारा समय समय पर जारी दिशा–निर्देशों की पालना सुनिश्चित कराना।

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) नई दिल्ली :-

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, भारत सरकार द्वारा पंजीकृत/अधिकृत संस्था है, जो योजना क्रियान्वयन के संबंध मे राज्यों को निम्नानुसार सहयोग प्रदान करती हैः–

1) सलाहकार समूह में सदस्य के रूप में।
2) राज्य स्तरीय व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण समिति (VETC) में तकनीकी रूप से सहयोग करना व सेक्टर से सम्बन्धित सम्बद्धता प्राप्त संस्थाओं की जानकारी उपलब्ध कराना।
3) विद्यालयों के आस–पास उद्योगों की उपलब्धता व रोजगार की संभावनाओं की मेंपिग करना।
4) व्यावसाय से संबंधित प्रायोगिक कार्य हेतु परीक्षक (Accessor) उपलब्ध कराना।
5) विद्यार्थियों के मूल्याकंन एवं प्रमाण पत्र के संबंध में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर को सहयोग प्रदान करना।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, (NCERT) नई दिल्ली एवं पं. सुन्दर लाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (PSSCIVE) भोपालः–

पं. सुन्दर लाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (PSSCIVE) भोपाल, राष्ट्रीय भौक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (NCERT), नई दिल्ली की एक प्रमुख संवैधानिक ईकाई हैं। यह योजना क्रियान्वयन के सम्बन्ध में राज्यों को निम्न प्रकार से सहयोग प्रदान करती हैः–

1. राज्यों के लिए व्यावसायिक शिक्षा योजना के अन्तर्गत विभिन्न ट्रेड/सेक्टर (Sector/Trade) से सम्बन्धित जॉब रोल, पाठ्यक्रम निर्माण व Module निर्माण करना।
2. व्यावसायिक प्रशिक्षकों की योग्यता निर्धारित करना।
3. व्यावसायिक प्रशिक्षको व व्यावसायिक शिक्षा से सम्बन्धित प्रशिक्षणों का आयोजन करना।
4. व्यावसायिक शिक्षा विषय की प्रयोगशाला हेतु टूल्स, उपकरण तथा फर्नीचर के मापदण्ड (Specifications) का निर्धारण करना।
5. व्यावसायिक शिक्षा का पाठ्यक्रम व पाठ्यपुस्तके अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध कराना।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान (BSER), अजमेर

a. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान (**BSER**), अजमेर का मुख्य कार्य व्यावसायिक शिक्षा योजना के अन्तर्गत Scheme of Studies को अंतिम रूप दिया जाकर अधिसूचना जारी करना ।
b. व्यावसायिक शिक्षा विषय के कक्षा–10 (लेवल–2) व कक्षा–12 (लेवल–4) के सैद्धान्तिक परीक्षा के प्रश्न पत्र निर्माण करना व परीक्षा का आयोजन कराना।
c. व्यावसायिक शिक्षा विषय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा आयोजन में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) को सहयोग प्रदान करना।
d. राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) के समन्वय से विद्यार्थियों के मूल्यांकन, परीक्षा परिणाम जारी करना एवं प्रमाण पत्र तैयार कर विद्यालयों तक वितरित करना।

सेक्टर स्किल काउंसिल (SSC`s)

सेक्टर स्किल काउंसिल, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (**NSDC)** से संबद्ध प्रत्येक सेक्टर से सम्बन्धित संस्था है।

a) विद्यालयों में ट्रेड/सेक्टर से संबंधित प्रयोगशाला स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री के Specifications तैयार करने में राज्यों की सहायता करना, साथ ही विषय विशेषज्ञ उपलब्ध करवाना। व्यावसायिक प्रशिक्षको के प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु संबंधित सेक्टर के संदर्भ व्यक्ति उपलब्ध कराना।
b) विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा विषय के प्रायोगिक कार्य सम्पन्न कराना तथा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के साथ समन्वय कर मूल्यांकन एवं प्रमाण पत्र तैयार करना।

राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मण्डल (RSTB), जयपुर

I. राष्ट्रीय भौक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (NCERT), नई दिल्ली/पं. सुन्दर लाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (**PSSCIVE**), भोपाल द्वारा उपलब्ध कराये गये विभिन्न ट्रेड/सेक्टर के पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विद्यार्थी कार्य पुस्तिकाओं के मुद्रण का कार्य करना तथा मुद्रित सामग्री जिलों के डिपो तक पंहुचाना।

व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता (VTP`s)*

सत्र 2021–22 में योजना संचालन हेतु चयनित प्रशिक्षण प्रदाताओं का ट्रेडवार विवरण निम्नानुसार हैः–

S.No	Trade/VTP`s	No.of Schools	Amigos Solution	Care Education and Welfare Society	Times Centre For Learning Limited	Gram Tarang Employability Training Services Pvt. Ltd	Learnet Skills Ltd.	ICA EDU SKILLS PRIVATE LIMITED	BHAGINI NIVEDITA SHIKSHA SAMITI	Idaksha Academy	AISECT	Total
1	IT/ITeS	391			**197**			97			97	**391**
2	Retail	97			**51**			23			23	**97**
3	Apparel Made-up & Home Furnishing	117	**30**	87								**117**
4	Beauty & Wellness	349	**60**	145				144				**349**
5	Automotive	109		**55**				54				**109**
6	Electronics & Hardware	178	**60**	118								**178**
7	Telecom	15			**7**		**8**					**15**
8	Agriculture	62				**59**				3		**62**
9	Healthcare	332		76				**169**		87		**332**
10	Tourism and Hospitality	61				**61**						**61**
11	Private Security	89		**29**					60			**89**
12	Plumber	10					10					**10**
Total		**1810**	**150**	**510**	**255**	**120**	**18**	**487**	**60**	**90**	**120**	**1810**

***उक्त सारणी में सत्र 2021–22 में अनुमोदित नवीन विद्यालय सम्मिलित नहीं है।**

★ योजना के मुख्य बिन्दु ★

1. व्यावसायिक शिक्षा योजना, भारत सरकार द्वारा **"National Skill Qualification Framework"** के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार संचालित की जा रही है।
2. राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न ट्रेड/सेक्टर के पाठ्यक्रम में एकरूपता लाने हेतु National Skill Qualification Framework द्वारा Levels तैयार किये गये है। **National Skill Qualification Framwork** के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा योजना के 10 लेवल है इनमें प्रथम चार **Level, L-1** से **L-4** विद्यालयी शिक्षा के अन्तर्गत कक्षा 9 से 12 के लिए है।
3. मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित विद्यालयों में ट्रेड/सेक्टर का चयन विद्यालय के आस–पास उपलब्ध उद्योगों (Industry) व क्षेत्र विशेष की आवश्यकता एवं रोजगार उपब्धता के अवसरों के आधार पर किया जाता है।

4. विद्यार्थियों का चयन करने से पूर्व व्यावसायिक प्रशिक्षकों, विद्यालय के संस्थाप्रधानों आदि द्वारा प्रचार प्रसार व विद्यार्थियों के अभिभावकों को मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रदान किया जाता है।
5. प्रत्येक चयनित विद्यालय में विद्यार्थियों को दो ट्रेड/सेक्टर में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।
6. प्रति विद्यालय कक्षा–9 में दोनों सेक्टर हेतु पृथक–पृथक 40–40 विद्यार्थियों का चयन कर विद्यालयों द्वारा रिकार्ड संधारित किया जाता है।
7. व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा विषय का शिक्षण कार्य राज्य स्तर से चयनित व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता (VTP) द्वारा नियोजित किये गये व्यावसायिक प्रशिक्षकों द्वारा किया जाता है। इन व्यावसायिक प्रशिक्षकों की योग्यता पण्डित सुन्दर लाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (PSSCIVE), भोपाल द्वारा निर्धारित की जाती है।
8. चयनित विद्यालयों हेतु व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता (VTP`s) के द्वारा 30 विद्यालयों पर एक व्यावसायिक समन्वयक नियुक्त किया गया है जिसके द्वारा प्रत्येक माह इनमें से न्यूनतम 22 विद्यालयों का निरीक्षण अर्थात प्रत्येक तिमाही में प्रत्येक विद्यालय का कम से कम दो बार निरीक्षण करना अनिवार्य है।
9. व्यावसायिक शिक्षा योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराये जाने व योजना के सुचारू रूप से संचालन की दृष्टि से जिलों के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी के साथ साथ प्रधानाचार्य व कौशल मित्र का आमुखीकरण तथा चयनित विद्यालयों के संस्था प्रधानों एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता (VTP) द्वारा नियोजित किये गये व्यावसायिक समन्वयकों तथा व्यावसायिक प्रशिक्षकों का राज्य स्तर से विभिन्न चरणों में आमुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है।
10. विद्यालयों में व्यावसाय से संबंधित प्रयोगशाला स्थापित करने हेतु पं. सुन्दर लाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान भोपाल द्वारा निर्धारित मापदण्ड (Specifications) के अनुसार विद्यालय के संस्था प्रधान, संबंधित व्यावसायिक प्रशिक्षक तथा व्यावसायिक समन्वयक आदि की मदद से आवश्यकतानुसार विद्यालय की विद्यालय विकास एवं प्रबधन समिति (SDMC) से अनुमोदन के पश्चात प्रयोगशाला हेतु स्थाई/अस्थाई टूल्स उपकरण/सामग्री एवं फर्नीचर नियमानुसार क्रय किया जाने का प्रावधान है।

11. विद्यालय में व्यावसायिक प्रशिक्षक तथा व्यावसायिक समन्वयक की मदद से पाठ्यक्रम के अनुसार प्रत्येक माह संबंधित ट्रेड/सेक्टर के प्रत्येक लेवल के लिये 2 Guest Lecture जिसमें सत्र में कम से कम 4 सॉफ्ट स्किल से सम्बन्धित Guest Lecture का आयोजन कराया जाना आवश्यक है। प्रत्येक Guest Lecture हेतु 500/– की राशि निर्धारित की गई है, जिसका प्रमाणीकरण विद्यालय के संस्था प्रधान द्वारा किया जाना आवश्यक। दिशा–निर्देश पृथक से सलंग्न है।
12. कक्षा 9 व कक्षा 10 के विद्यार्थियों हेतु प्रति सेक्टर दो यूनिट पूर्ण होने/3 माह पश्चात् औद्योगिक भ्रमण (प्रति वर्ष 03) का प्रावधान है।
13. कक्षा 11 व कक्षा 12 के विद्यार्थियों हेतु कुल 80 घण्टे की ऑन जाब ट्रेनिंग का प्रावधान है। विस्तृत दिशा–निर्देश पृथक से संलग्न है।
14. विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक एवं सृजनात्मक कौशल विकास हेतु कौशल (Skill) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।
15. कक्षा 12 लेवल–4 उत्तीर्ण विद्यार्थियों का उच्च अध्ययन, जॉब प्लेसमेंट एंव ड्रॉपआउट ट्रेकिंग का रिकार्ड संधारण किया जाता है।
16. विद्यार्थियों को उच्च प्राथमिक कक्षाओं में व्यावसायिक शिक्षा का अनुभव प्रदान करने हेतु योजना संचालित 660 विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये Exposure to Vocational Education (Class 6 to 8) हेतु विद्यालय स्तर पर 05 दिवसीय Exposure camp का आयोजन किया जाना है। जिसमें विद्यार्थियों में व्यावसायिक शिक्षा विषयों की उपयोगिता एवं उपादेयता तथा संबधित विषय में रोजगार की अवसरो के उपलब्धता आदि की जानकारी विषय विशेषज्ञो द्वारा प्रदान करायी जानी है।
17. राज्य के 50 व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालयों को Hub & Spoke Model अन्तर्गत जोड़ते हुए 50 नये विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा का संचालन किया जाना है।

व्यावसायिक शिक्षा विषय के अध्ययन की योजना (Scheme of Studies) तथा परीक्षा एवं मूल्यांकन

1. व्यावसायिक शिक्षा विषय को कक्षा 9 (लेवल–1) व 10 (लेवल–2)में सातवें अतिरिक्त विषय के रूप में अध्ययन का प्रावधान है। जिसके लिए विद्यालय के समय विभाग चक्र के अतिरिक्त समय में प्रति सप्ताह कालांश निर्धारित कर लेवल–1 व लेवल–2 के लिये वर्ष में 200–200 घंटे की अवधि पूर्ण करना।

2. कक्षा 9 व 10 में व्यावसायिक विषय को सातवें अतिरिक्त विषय के रूप में विद्यालय समय के अतिरिक्त समय में अध्यापन कराने का प्रावधान है। (7 विषयों में से व्यावसायिक विषय या सामाजिक विज्ञान में से अधिक अंक आने वाले विषय को सम्मिलित कर सर्वोत्तम 6 विषय में प्राप्त अंको के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया जाता है)
3. कक्षा 11(लेवल–3) व 12 (लेवल–4) में विद्यार्थी द्वारा व्यावसायिक शिक्षा विषय को तृतीय वैकल्पिक विषय अथवा चौथे अतिरिक्त विषय के रूप में अध्ययन का प्रावधान है। जिसके लिए विद्यालय के समय विभाग चक्र में अतिरिक्त समय में प्रति सप्ताह कालांश निर्धारित कर लेवल–3 व लेवल–4 के लिये वर्ष में 300–300 घंटे की अवधि पूर्ण करना।
4. प्रति कक्षा (Level) व्यावसायिक शिक्षा विषय का मूल्यांकन/परीक्षा 100 अकों का होगा जिसका अंक विभाजन निम्न प्रकार हैः–

विद्यालय स्तर पर सतत् मूल्यांकन	सैद्धान्तिक परीक्षा	प्रायोगिक कार्य
20	30	50

5. कक्षा 10 व 12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की वार्षिक सैद्वान्तिक परीक्षाओं का आयोजन माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा करवाया जाता है। इस हेतु माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा जारी निर्देशानुसार माध्यमिक व्यावसायिक परीक्षा व उच्च माध्यमिक व्यावसायिक परीक्षा के आवेदन पत्र विद्यालय द्वारा भरवाया जाता है।
6. कक्षा 9 व 11 के प्रायोगिक परीक्षा जिले में व्यावसायिक शिक्षा संचालित अन्तर्विद्यालय के व्यावसायिक प्रशिक्षकों द्वारा तथा कक्षा 10 व 12 की प्रायोगिक परीक्षा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, नई दिल्ली व विभिन्न सेक्टर स्किल काउंसिल द्वारा उपलब्ध कराये गये असेसर (बाह्य परीक्षक) व माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर के समन्वय से सम्पन्न करायी जाती है।

परीक्षा आयोजन सम्बन्धित विवरण

परीक्षा	कक्षा 9	कक्षा 10	कक्षा 11	कक्षा 12
सतत् मूल्यांकन	विद्यालय स्तर	विद्यालय स्तर	विद्यालय स्तर	विद्यालय स्तर
सैद्धान्तिक परीक्षा	विद्यालय स्तर	बोर्ड स्तर	विद्यालय स्तर	बोर्ड स्तर
प्रायोगिक परीक्षा	जिला स्तर	NSDC/SSC द्वारा	जिला स्तर	NSDC/SSC द्वारा

विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के सतत् मूल्यांकन (20 अंक) का अंक विभाजन निम्नानुसार हैः–

1. उपस्थिति – 5
2. पोर्टफोलियों – 5
3. कक्षा परख – 5
4. कक्षा में प्रदर्शन (Performance) – 5

7. विद्यार्थियों को प्रायोगिक एवं सैद्धान्तिक परीक्षा में पृथक–पृथक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
8. कक्षा 09 (Level-1) कक्षा 11 (Level-3) की व्यावसायिक शिक्षा विषय की वार्षिक सैद्धान्तिक परीक्षा का विद्यालय स्तर पर आयोजन, मूल्यांकन व परीक्षा परिणाम घोषित किया जाना है।
9. व्यावसायिक शिक्षा योजनान्तर्गत कक्षा 10 व कक्षा 12 उत्तीर्ण विद्यार्थियों को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर तथा सम्बन्धित Sector Skill Councils द्वारा संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र जारी किया जाता है।

AWP & B 2021-22 में अनुमोदित बजट प्रावधान (Existing & New Schools) एवं व्यय सम्बन्धी दिशा–निर्देश

1. **आवर्ती मद–** AWP & B 2021-22 में अनुमोदित बजट प्रावधान निम्नानुसार हैः–

S. No	Particulars	905 Existing Schools		132 New and 50 Hub and Spoke Schools	
		Physical	Financial(In Lakhs)	Physical	Financial(In Lakhs)
Introduction of VE in Schools - Recurring					
1	Financial Support for Vocational Trainer	1810	4778.4	264	158.4
2	Financial Support for Resource Person	905	2251.64	132	82.5
3	Raw Material Grant	905	1991	132	137.28
4	Cost of Providing Hands on Skill Training to Students	905	540.285	132	19.8
5	Office Expenses	905	905	132	66
6	Assessment and Certification Cost	93747	562.482	0	0
7	Induction Training of VE- Teachers (10 days)	0	0	264	13.2
8	In-service Training of VE- Teachers	1810	45.25	0	0
9	Recurring Support for Hub and Spoke Model	0	0	50	62.5
10	Transportation Allowance for Children from Spoke to Hub Schools	0	0	2000	30
	Total of Recurring Support		**11074.057**		**569.68**
Total Of Vocational Education		**11643.737**			

1) Assessment and Certification Cost (Existing) मद में राशि 600/– प्रति विद्यार्थी की दर से कक्षा 10 व कक्षा 12 में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के Assessment एवं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र जारी करने हेतु माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर को 100/– रूपये प्रति विद्यार्थी एवं सम्बन्धित सेक्टर स्किल काउंसिल को 500/– रूपये प्रति विद्यार्थी की दर से जारी की जाती है।
2) Cost of providing Hands Training Students (Existing & New) मद में राशि कक्षा 9 व कक्षा 10 में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक भ्रमण तथा कक्षा 11 व कक्षा 12 में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए ऑन जॉब ट्रेनिंग पर व्यय किये जाने हेतु विद्यालयों को हस्तान्तरित की जाती है। औद्योगिक भ्रमण तथा ऑन जॉब ट्रेनिंग के आयोजन व राशि के उपयोग हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश पृष्ठ संख्या **14–15** पर निर्दिष्ट है।
3) Financial Support for Resource Persons (Existing & New) मद में विद्यालयों में आयोजित गेस्ट लैक्चर व व्यावसायिक समन्वयक के मानदेय तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाताओं के प्रशासनिक चार्ज पर व्यय किया जाता है। व्यावसायिक प्रशिक्षकों का मानदेय तथा उक्त पर देय प्रशासनिक चार्ज, चयनित व्यावसायिक

प्रशिक्षण प्रदाताओं को राज्य स्तर/जिला स्तर से पुनर्भरण किया जाता है तथा गेस्ट लेक्चर से सम्बन्धित राशि जिलों के माध्यम से विद्यालयों को हस्तान्तरित की जाती है। इस बाबत विस्तृत दिशा–निर्देश पृष्ठ संख्या **13–14** पर निर्दिष्ट है।

4) Financial Support for Vocational Teacher/ Trainer (Existing & New) मद में राशि का वर्तमान में जिला स्तर से व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाताओं को, व्यावसायिक प्रशिक्षकों के मानदेय भुगतान के पुनर्भरण हेतु व्यय किये जाने का प्रावधान है।

5) (A) In-service Training of VE - Teachers (5 Days) - (Existing) मद में व्यावसायिक प्रशिक्षकों के 5 दिवसीय In-service Training राज्य स्तर पर व्यावसायिक प्रशिक्षको के नियोजन के पश्चात आयोजित करवायी जाती है।

(B) Induction Training (New) मद में व्यावसायिक प्रशिक्षकों के 10 दिवसीय Induction Training राज्य स्तर पर व्यावसायिक प्रशिक्षको के नियोजन के पश्चात आयोजित करवायी जाती है।

6) Office Expenses/Contingencies for School (Existing & New) मद में राशि व्यावसायिक शिक्षा योजना के प्रचार–प्रसार, स्टेशनरी, यात्रा व्यय एवं परीक्षा सम्बन्धी ई–कन्टेन्ट आदि के लिए विद्यालयों को जारी की जाती है।

7) Raw material grant for per school (Existing & New) मद में राशि विद्यालयों में प्रति विद्यालय दो व्यावसायिक लैब में प्रशिक्षण के दौरान उपयोग में आने वाली Raw Materials, उपकरणों के रखरखाव, सॉफ्टवेयर, पुस्तकें व ई–लर्निंग सामग्री के क्रय हेतु विद्यालयों को जारी की जाती है।

8) Recurring Support for Hub and Spoke Model मद में राशि Hub विद्यालयों (पूर्व से व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालय जहां पर लैब स्थापित है) को स्थान्तरित की जायगी। इस राशि का उपयोग Hub विद्यालयों द्वारा Spoke विद्यालयों के विद्यार्थियों की व्यावसायिक शिक्षा हेतु व्यावसायिक प्रशिक्षक को अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि, Raw Material Cost, विद्यार्थियों की ऑन जॉब ट्रेनिंग व गेस्ट लेक्चर आदि के लिए किया जा सकेगा। इस बाबत विस्तृत दिशा–निर्देश पृष्ठ संख्या **16** पर निर्दिष्ट है।

9) Transportation Allowance for Children from Spoke to Hub Schools मद में राशि Spoke विद्यालयों को जारी की जायेगी। इस मद में व्यावसायिक विषयों के प्रायोगिक कार्य हेतु Spoke विद्यालयों से Hub विद्यालयों में विद्यार्थियों के आवागमन में होने वाले व्यय हेतु विद्यार्थियों को राशि रू. 1500/– वार्षिक रूप से प्रदान की जानी है। इस बाबत विस्तृत दिशा–निर्देश पृष्ठ संख्या **16** पर निर्दिष्ट है।

2. <u>Innovative Activities -</u>

AWP & B 2021-22 में Innovative Activities के अन्तर्गत बजट प्रावधान निम्नानुसार हैः–

S. No	Particulars	905 Existing Schools	
		Physical	Financial(In Lakhs)
1	Exposure to Vocational Education (Class 6 to 8)	660	132.00
2	Vocational Career Building Program	33	0.33
3	Skill Exhibition cum Competition	33	4.95
	Total		**137.28**

1. Exposure to Vocational Education (Class 6 to 8) मद में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा का अनुभव प्रदान करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा संचालित 660 विद्यालयों हेतु राशि रू. 20,000/– प्रति विद्यालय बजट प्रावधान किया गया है। गतिविधि के आयोजन बाबत विस्तृत दिशा–निर्देश पृष्ठ संख्या **17–18** पर निर्दिष्ट है।
2. Vocational Career Building Program मद में व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालयों में कक्षा 12 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की कैरियर काउंसलिंग किये जाने का प्रावधान है। जिसमें विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा में उच्च अध्ययन/जॉब प्लेसमेंट/Apprenticeship/स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में अवसर प्रदान करने हेतु ऑनलाईन काउंसलिंग का आयोजन राज्य स्तर पर किया जाना है। गतिविधि के आयोजन बाबत विस्तृत दिशा–निर्देश पृष्ठ संख्या **19** पर निर्दिष्ट है।
3. Skill Exhibition cum Competition मद में गतिविधि राज्य में Innovation के रूप में सत्र 2020–21 से संचालित है। इस गतिविधि के आयोजन हेतु राशि रू. 15000/– प्रति जिला का प्रावधान है। गतिविधि के आयोजन बाबत विस्तृत दिशा–निर्देश पृष्ठ संख्या **19–24** पर निर्दिष्ट है।

<u>AWP & B 2021-22 में अनुमोदित गतिविधियों के क्रियान्वयन सम्बन्धी दिशा–निर्देश</u>

1. गेस्ट लेक्चर हेतु दिशा–निर्देश

मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय द्वारा AWP & B 2021-22 में नियमित गतिविधि के रूप में अनुमोदित है। इसके अन्तर्गत प्रति सेक्टर लेवलवार प्रतिमाह 02 गेस्ट लेक्चर आयोजित किये जाते है। जिनमें से वर्ष में 04 सॉफ्ट स्किल के लेक्चर का आयोजन किया जाना आवश्यक है।

उद्देश्य–

a) दुनिया के वास्तविक परिदृश्य और जीवन के अनुभवों गतिशीलता एंव कार्य स्थितियों के सम्बन्ध में कौशल प्रदान करना।
b) प्लेसमेंट के लिये सहयोग की सम्भावना का पता लगाना।
c) अध्ययन और रोजगार के बीच निर्दिष्ट अन्तराल को कम करना।

क्रियान्वयन

1. प्रत्येक ट्रेड/सेक्टर एवं प्रत्येक कक्षा प्रति माह दो गेस्ट लेक्चर आयोजित कराने के मध्य 10 दिवस का अन्तर होना चाहिये, प्रत्येक कक्षा में गेस्ट लेक्चर का आयोजन अलग–अलग दिनांक में अलग–अलग विशेषज्ञ से दिलाया जावें। जिसकी पूर्व योजना तैयार कर संस्था प्रधान से अनुमोदन कराना।
2. गेस्ट लेक्चर संबधित ट्रेड/सेक्टर के विशेषज्ञ द्वारा आयोजित करवाना।
3. प्रत्येक गेस्ट लेक्चर की अवधि कम से कम एक घंटा होनी चाहिए, साथ ही गेस्ट लेक्चर आयोजन की दिनांक पूर्व में प्रधानाचार्य से विचार–विमर्श कर निश्चित करें, जिससे सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो सकें।
4. गेस्ट लेक्चर की सूची मय विषय, गेस्ट लेक्चरर का नाम, विद्यालय का नाम, कक्षा (L-1, L-2, L-3, L-4) आयोजित तिथि तथा देय राशि का विवरण तैयार कर बिल के साथ प्रस्तुत करना है।
5. गेस्ट लेक्चर से संबंधित रिपोर्ट पर गेस्ट लेक्चर देने वाले के हस्ताक्षर होने चाहिए तथा संबंधित विद्यालय के संस्था प्रधान/कौशल मित्र अध्यापक (प्रधानाचार्य द्वारा मनोनीत) से प्रमाणित कराकर मूल प्रति भुगतान वाउचर के साथ संधारित किया जाना।
6. प्रति माह गेस्ट लेक्चर आयोजित नही किये जाने की स्थिति में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता पर प्रति ट्रेड/सेक्टर प्रति गेस्ट लेक्चर 500/– रूपये की पैनल्टी लगाये जाने का प्रावधान है।

2. औद्योगिक भ्रमण एवं ऑन जॉब ट्रेनिंग (OJT) हेतु दिशा–निर्देश

लेवल 1 (कक्षा–09) व कक्षा 10 (लेवल–2) के विद्यार्थियों के लिये औद्योगिक भ्रमण का आयोजन एवं लेवल 03 (कक्षा–11) व लेवल 04 (कक्षा–12) के विद्यार्थियों के लिये ऑन जॉब ट्रेनिंग (OJT) अनिवार्य है।

ऑन जॉब ट्रेनिंग N.S.Q.F. की एक महत्वपूर्ण गतिविधि है जिसके द्वारा कौशल विकास और रोजगार के मध्य अन्तराल को कम करके विद्यार्थियों को वास्तविक कार्यस्थल से अवगत कराया जाता है। जिससे भविष्य में उस क्षेत्र में रोजगार की सभावनाओं को विद्यार्थी तलाश सके।

उद्देश्य–

a) पेशेवर परिस्थितियों व व्यावहारिक अनुभव का व्यावसायिक शिक्षा के सैद्वान्तिक ज्ञान और अर्जित कौशल के साथ समन्वय स्थापित करना।
b) व्यावसायिक क्षेत्र के नियम, कार्यो की वास्तविक कार्यस्थल पर जाकर समझ विकसित करना।
c) विद्यार्थियों का व्यक्तित्व एवं कौशल विकास कर रोजगार की संभावनाओं में अभिवृद्वि करना।
d) कक्षा 12 (लेवल–4) के बाद विद्यार्थियों को सम्बन्धित ट्रेड/सेक्टर में रोजगार का विकल्प तैयार करने हेतु सक्षम करना।
e) औद्योगिक संस्थानों के आन्तरिक काम के माहौल के बारे मे जानकारी प्राप्त कराना।
f) औद्योगिक संस्थानो की कार्यप्रणाली की समझ विकसित करना।

क्रियान्वयन

1. OJT में व्यावसायिक शिक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थी (लेवल 3 व लेवल 4) व्यावसायिक प्रशिक्षक व प्रधानाचार्य स्थानीय विद्यालय के निर्देशन में ट्रेड से संबंधित निकटतम ट्रेड/सेक्टर/उद्योग/कंपनी/संस्था/संगठन में प्रतिदिन 4–6 घंटे कार्य कर कौशल अभिवृद्धि करना।
2. विद्यालय से प्रशिक्षण स्थल/औद्योगिक भ्रमण स्थल दूर है तो रोडवेज बस से यात्रा करने को प्राथमिकता दी जावे। यदि छात्राऐं भी है तो भ्रमण के दौरान महिला अध्यापिका भी साथ में जावे।
3. OJT का आयोजन केवल विद्यालयी अवकाशों यथा दीपावली अवकाश/शीतकालीन अवकाश/ग्रीष्मकालीन अवकाश में किया जावेगा जहाँ प्रति विद्यार्थी द्वारा लेवल–3 व लेवल 4 में कुल 80 घंटे का प्रशिक्षण प्राप्त किया जाना है।
4. प्रशिक्षण स्थल–विद्यालय के विद्यार्थियों के ट्रेड/सेक्टर अनुसार निकटतम उद्योग/कंपनी/संस्था/संगठन को प्राथमिकता।
5. प्रशिक्षण की संपूर्ण अवधि का व्यावसायिक प्रशिक्षक द्वारा फोटो/वीडियो बनाकर फीडबैक रिपोर्ट तैयार की जावें। रिपोर्ट आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित प्रधानाचार्य/जिला कार्यालय व राज्य कार्यालय को प्रस्तुत करेगा।
6. औद्योगिक भ्रमण की रिपोर्ट में भ्रमण किये गये स्थल का नाम, भ्रमण दिनांक, भाग लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या, विद्यालय से प्रतिनिधित्व करने वाले अध्यापक का नाम का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।
7. इस संपूर्ण गतिविधि पर होने वाले व्यय के मूल बिल/रसीद में पूर्ण विवरण यथा फर्म/व्यक्ति का पता, दिनांक, प्राप्त की गई राशि का अंको/शब्दों में विवरण, प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर व अन्य व्यय संबंधी विवरण आवश्यक रूप से भरना है।

3. Hub and Spoke Model हेतु दिशा–निर्देश

AWP & B 2021-22 में 50 विद्यालयों के लिए अनुमोदित नवीन गतिविधि है।

a) वर्तमान में व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालयों को Hub विद्यालय तथा निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जिसे व्यावसायिक शिक्षा हेतु जोड़ा जाना है उसे Spoke विद्यालय पारिभाषित किया गया है। इस हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना है।

b) Spoke विद्यालयों के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने हेतु Hub विद्यालयों की लैब तथा उसमें नियोजित व्यावसायिक प्रशिक्षक का उपयोग किया जायेगा।

c) Spoke विद्यालय के संस्थाप्रधान द्वारा अपने विद्यालय से एक राजकीय शिक्षक को व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी 'कौशल मित्र' के रूप में नामित किया जाना है।

d) Spoke विद्यालय के संस्था प्रधान Hub विद्यालय के व्यावसायिक प्रशिक्षक व अपने कौशल मित्र के सहयोग से Hub विद्यालयों में संचालित ट्रेड अनुसार कक्षा–9 में प्रति ट्रेड 20–20 विद्यार्थियों (दोनों ट्रेड में अधिकतम 40 विद्यार्थी) का नामांकन एवं अपरिहार्य स्थिति में परिषद कार्यालय से मार्गदर्शन उपरान्त व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण हेतु प्रवेश सुनिश्चित करेगें। इस हेतु अभिभावकों से सहमति पत्र प्राप्त किया जाना है।

e) व्यावसायिक विषयों के प्रायोगिक कार्य हेतु Spoke विद्यालयों से Hub विद्यालयों में विद्यार्थियों को जाना होगा इस आवागमन में होने वाले व्यय हेतु विद्यार्थियों को राशि रूपये 1500 वार्षिक रूप से प्रदान की जायेगी।

f) उक्तानुसार विद्यार्थियों के आवागमन तथा विद्यालय समय के अतिरिक्त समय में प्रायोगिक कार्य हेतु सम्बन्धित विद्यालयों के संस्थाप्रधान द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा सम्बन्धी सावधानियां सुनिश्चित की जावें।

g) सैद्वान्तिक पाठ्यक्रम का अध्यापन Hub विद्यालय में नियोजित व्यावसायिक प्रशिक्षक द्वारा Spoke विद्यालयों में ही करवाया जायेगा इस हेतु Spoke विद्यालयों एवं Hub विद्यालयों के संस्थाप्रधान समन्वय स्थापित कर कांलाश व्यवस्था सुनिश्चित करेगे।

h) Spoke विद्यालयों के विद्यार्थियों की व्यावसायिक शिक्षा हेतु व्यावसायिक प्रशिक्षक को अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि, Raw Material Cost, विद्यार्थियों की ऑन जॉब ट्रेनिंग व गेस्ट लेक्चर आदि के लिए Hub विद्यालयों को अतिरिक्त राशि प्रदान की जायेगी।

i) Spoke विद्यालयों में व्यावसायिक प्रशिक्षकों की दैनिक उपस्थिति संधारण हेतु विद्यालय में अलग से रजिस्टर संधारित कर सेक्टरवाइज उपस्थिति करवाना, जिसमें व्यवसायिक प्रशिक्षक का नाम नही लिखकर केवल सेक्टर का नाम व व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदाता (VTP`s) के नाम का ही उल्लेख करना है।

4. **Exposure to Vocational Education (Class 6 to 8)**

प्रस्तावित तिथि– अक्टूबर, 2021

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पैरा 4.26 के अनुसार कक्षा 6 से 8 में विद्यार्थियों को 10 Bagless Days अन्तर्गत व्यावसायिक शिक्षा का अनुभव प्रदान किया जायेगा। AWP & B सत्र 2021–22 में राज्य के उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों हेतु अनुमोदित नवाचार में 660 विद्यालयों में कक्षा–7 व 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये विद्यालय स्तर पर 05 Bagless Days का आयोजन किया जावेगा। 05 Bagless Days अन्तर्गत विद्यार्थी विभिन्न प्रकार की समृद्ध करने वाली स्थानीय कला/क्रॉफ्ट और व्यावसायिक हस्त–कलाओं को प्रोत्साहन देने के साथ कौशल आधारित एक आंनन्दायी कोर्स करेगा, जिसमें की महत्वपूर्ण व्यावसायिक शिल्प जैसे बढईगीरी, बिजली का काम, धातु का काम, बागवानी, मिट्टी के बर्तनों का काम आदि का जायजा देगा और विद्यार्थियों को अपने हाथ से काम करने का अनुभव प्रदान किया जायेगा। इसके साथ विद्यार्थियों को राज्य में संचालित 12 व्यावसायिक शिक्षा विषयों में रोजगार के अवसरों की उपलब्धता आदि की जानकारी विषय विशेषज्ञो द्वारा प्रदान करायी जावेगी।

उद्देश्य

a. विद्यार्थियों को श्रम की महत्ता, स्थानीय कलाओं और कारीगरी सहित अन्य विभिन्न व्यवसायों के महत्व से परिचित कराना तथा व्यावसायिक शिक्षा के अनुभव प्रदान करना।
b. व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालयो में कक्षा–6 से 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों में व्यावसायिक शिक्षा विषय के चयन का बोध विकसित करना।
c. कौशल विकास एवं कौशल के क्षेत्रों में रोजगार के अवसरो की जानकारी प्रदान करना।
d. स्वरोजगार की भावना विकसित करना।
e. व्यावसायिक शिक्षा योजना का प्रचार–प्रसार करना।

क्रियान्वयन–

व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालय के कक्षा 7 व 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों का विद्यालय स्तर पर 05 दिवसीय 'No Bag Day' का आयोजन किया जाना है।

उक्त गतिविधि के आयोजन बाबत दिशा–निर्देश निम्नानुसार हैः–

1. गतिविधि अक्टूबर, 2021 के प्रत्येक शनिवार को आयोजित की जानी है। जिसमें कक्षा 7 व 8 के विद्यार्थी भाग ले सकेगें।

05 दिवसीय कार्य विभाजन निम्नानुसार हैः–

क्र. सं.	दिनांक	गतिविधि	कार्य हेतु उत्तरदायी
1	02.10.2021	राज्य में संचालित 12 व्यावसायिक शिक्षा विषयो एवं संबधित विषय में रोजगार के अवसरों की उपलब्धता आदि की जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा। व्यावसायिक विषयों की लैब की विजिट कराना।	संस्थाप्रधान, कौशल मित्र, व्यावसायिक प्रशिक्षक व समन्वयक तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा नामित विशेषज्ञ।
2	09.10.2021	स्थानीय कलाकार/व्यावसायिक विशेषज्ञों जैसे बढ़ई, माली, कुम्हार, दर्जी, हस्तशिल्पी तथा बांधनी, टाई एण्ड डाई, कशीदाकारी करने वाले कारीगर आदि का चयन कर उनके द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देना।	संस्था प्रधान, कौशल मित्र, व्यावसायिक प्रशिक्षक व समन्वयक तथा संस्थाप्रधान द्वारा चयनित स्थानीय कारीगर/कलाकार/ हस्तशिल्पी/व्यावसायिक विशेषज्ञ।
3	16.10.2021		
4	23.10.2021		
5	30.10.2021	ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन महत्व के स्थानों/स्मारकों तथा स्थानीय कलाकारों व शिल्पकारों के कार्यस्थल का विजिट कराना।	संस्थाप्रधान, कौशल मित्र, व्यावसायिक प्रशिक्षक

2. विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ साथ विद्यार्थियों से सीखें गये कार्य का प्रोजेक्ट/मॉडल/तैयार सामग्री का विश्लेषण कर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों का चयन किया जाना है।
3. गतिविधि के आयोजन हेतु संस्थाप्रधान आयोजन प्रभारी व कौशल मित्र सह–प्रभारी रहेगें तथा व्यावसायिक प्रशिक्षक पूर्ण मनोयोग से गतिविधि आयोजन के क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करेगें। आयोजन पश्चात रिपोर्ट परिषद कार्यालय को भिजवायेगें।
4. उक्त गतिविधि के आयोजन हेतु प्रति विद्यालय राशि रू. 20,000/– का बजट आवंटित है। जिसका व्यय निम्नानुसार किया जा सकेगा।
    1. योजना के प्रचार प्रसार हेतु प्लैक्स/बैनर का निर्माण राशि रू. 500/–
    2. स्थानीय कारीगर/कलाकार/ हस्तशिल्पी/व्यावसायिक विशेषज्ञ को प्रति दिवस देय मानदेय राशि रू. 1000/ प्रति दिवस अधिकतम 02 विशेषज्ञ आमत्रित किये जा सकते है।
    3. विद्यार्थियों के अभ्यास कार्य हेतु कच्ची सामग्री पर व्यय रू. 6000/–
    4. भ्रमण हेतु अधिकतम राशि रू. 6000/–
    5. प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 700, 500 एवं 300 रूपये का पारितोषिक।

5. Vocational Career Building Program-

<u>प्रस्तावित तिथि – 12 जनवरी 2021 राज्य स्तर पर (ऑनलाईन)</u>

सत्र 2021–22 में व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालयों में कक्षा 12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की ऑनलाइन कैरियर कांउसलिंग की जायेगी जिसमें विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा में उच्चतर शिक्षा हेतु अवसरो की उपलब्धता, स्वयं के रोजगार के अवसर, जॉब तथा Apprenticeship इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदान की जायेगी।

उद्देश्य

I. कक्षा 12 में व्यावसायिक शिक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों की कैरियर कांउसलिंग।

II. व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के लिये विद्यार्थियों में कौशल विकास करना।

III. विद्यार्थियों को रोजगार के द्वारा आत्मनिर्भर बनाना।

क्रियान्वयन–

1. व्यावसायिक शिक्षा में उच्च अध्ययन के अवसर की उपलब्धता के सम्बन्ध में विभिन्न सेक्टर स्किल कांउसिंल तथा राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय (Rajasthan ILD Skill University-RISU) द्वारा ऑनलाइन जानकारी प्रदान करना।
2. समस्त व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाताओं से कक्षा–12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को जॉब प्लेसमेंट हेतु 30 नवम्बर 2021 तक प्लान प्राप्त करना।
3. विद्यार्थियों के प्लेसमेंट हेतु सेक्टर स्किल कांउसिल,व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता व राष्ट्रीय कौशल विकास निगम से समन्वय कर ऑन लाइन इन्टरव्यू का लिंक प्रदान करवाना तथा इस सम्बन्ध में विद्यार्थियों का ट्रेंकिग रिकार्ड संधारित करवा कर समय समय पर अपडेशन करना जिससे रोजगार प्राप्त विद्यार्थियों की ट्रेकिंग की जा सके।
4. राष्ट्रीय Apprenticeship पोर्टल के बारे में जानकारी प्रदान करवाना।

6. Skill Exhibition cum Competition

राज्य में यह नवाचार शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा AWP & B 2020-21 से अनुमोदित किया गया है। इसके अन्तर्गत व्यावसायिक शिक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों को

व्यावसायिक शिक्षा के अनुप्रयोग के बारे में विद्यार्थियों में अभिरूचि विकसित करने के लिये इस गतिविधि का आयोजन किया जाना है। गतिविधि अन्तर्गत Skill Exhibition and Seminar का आयोजन किया जाना है।

प्रस्तावित तिथि – Skill Exhibition and seminar जिला स्तर एवं राज्य स्तर – माह फरवरी 2021

उद्देश्य–

a) विद्यार्थियों में समाज की आर्थिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये व्यावसायिक शिक्षा की भूमिका के बारे में समझ विकसित करना।
b) विद्यार्थियों को समाजिक– आर्थिक विकास में व्यावसायिक शिक्षा की उपयोगिता के बारे में जागरूक करना।
c) विद्यार्थियों के कौशल विकास को पहचान कर भविष्य हेतु रोजगार की दिशा प्रदान करना।

क्रियान्वयन –

प्रत्येक सेक्टर/ट्रेड में 02 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है।
(a) कौशल प्रार्दश प्रतियोगिता **(b)** कौशल सेमीनार

यह गतिविधि माह फरवरी 2021 में निम्नानुसार आयोजित की जानी है।

I. विद्यालय स्तर पर पर्याप्त प्रचार प्रसार कर आयोजित प्रर्दशनी में श्रेष्ठ प्रर्दशनी का चयन कर विभिन्न स्तर यथा जिला स्तर व राज्य स्तर पर आयोजन किया जाना है।
II. प्रत्येक ट्रेड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाना है।

क्र.स	आयोजन का स्तर	उत्तरदायी अधिकारी
1	विद्यालय स्तर	प्रधानाचार्य
2	जिला स्तर	CDEO/ADPC
4	राज्य स्तर	आयोजक संभाग

1. सभांगियो का विवरण –

- जिला स्तर– व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालय में विद्यालय स्तर आयोजित प्रतियोगिताऐं (मॉडल एवं सेमिनार) में प्रत्येक ट्रेड में प्रथम स्थान प्राप्त चयनित कुल 02 विद्यार्थी अर्थात् 04 विद्यार्थी प्रति विद्यालय जिला स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेगें। (प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम चयनित विद्यार्थी)।
- राज्य स्तर– प्रत्येक जिले से प्रथम चयनित विद्यार्थी भाग लेगें।

2. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी/अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक एवं संस्था प्रधान यह सुनिश्चित करे कि जिले के समस्त व्यावसायिक शिक्षा विद्यालयों में यह गतिविधि अनिवार्य रूप से आयोजित की जावे तथा विद्यालय स्तर पर प्रति सेक्टर/ट्रेड प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम रहे संभागी जिला स्तर पर अनिवार्य रूप से भाग ले।
3. इस गतिविधि में भाग लेने हेतु विद्यार्थियों से किसी प्रकार का पंजीयन शुल्क नही लिया जाना है।
4. प्रत्येक स्तर पर चयनित प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति–पत्र/प्रमाण पत्र प्रत्येक स्तर के उत्तरदायी अधिकारियों द्वारा प्रदत किया जाना है।
5. एक विद्यार्थी किसी एक ही प्रतियोगिता में भाग ले सकेगा एवं प्रतियोगिता में प्रस्तुति का माध्यम हिन्दी होगा।
6. जिला स्तरीय गतिविधि में भाग नही लेने वाले विद्यालयों के संस्थाप्रधानों के विरूद्व मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा ऐसे विद्यालयों की सूची राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद कार्यालय को प्रेषित करें।
7. प्रत्येक विद्यालय स्तरीय गतिविधि के आयोजन का प्रतिवेदन अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक को अनिवार्यतः भेजा जावें। जिला स्तरीय आयोजन का प्रतिवेदन, गतिविधियों का विवरण समाप्ति के 07 दिवस में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक से प्रति हस्ताक्षर करवा कर परिषद् कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करे।
8. दोनो प्रतियोगिताओं में यह सुनिश्चित किया जावे की मूल्यांकन निर्णय व्यवस्था निष्पक्ष एवं पारदर्शी हो।
9. जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी राज्य स्तर पर भाग लेने हेतु पंजीयन प्रपत्र–अ की पूर्ण भरी हुयी एक प्रति साथ लावें।
10. प्रादर्श व अन्य प्रतियोगिता सामग्री पर संभागी का नाम व विद्यालय का नाम न लिखकर अधिकृत आयोजनकर्ता द्वारा आवंटित कोड का ही अंकन किया जावें।
11. Skill Exhibition cum Competition को आकर्षक बनाने एवं प्रचार प्रसार किये जाने बाबत् समाचार पत्रों में समाचार के माध्यम से एवं मोबाईल संदेश द्वारा अभिभावको के

नाम अपील जारी की जावें जिससे कि जिला स्तरीय प्रर्दशिनी में आपका विद्यार्थी अपने कौशल को विकसित करने से वंचित न रहे जावे।

12. जिला स्तर पर उत्तरदायी अधिकारी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय निर्णायक समिति का गठन किया जावेगा।
13. उक्त गतिविधि के आयोजन हेतु प्रति जिला पन्द्रह हजार रूपये की राशि का प्रावधान है जिसका व्यय राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर द्वारा निर्देशों एवं लेखा नियमों के प्रावधानों के अनुसार किया जावेगा।
14. गतिविधि से संबधित विभिन्न प्रतियोगिताओं के दिशा– निर्देश निम्नानुसार होगे–

.a कौशल प्रार्दश प्रतियोगिता

संभागी– कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थी (व्यावसायिक शिक्षा)

Automotive	Electronics and Hardware	IT/ITes	Telecom
Apparels made-ups & Home Furnishing	Beauty & Wellness	Retail	Plumber
Agriculture	Health Care	Private Security	Tourism and Hospitality
Banking Financial Services & Insurance	Construction	Food Processing	--

1. विद्यार्थी उक्त निर्धारित ट्रेड में से किसी एक ट्रेड से संबधित प्रादर्श का स्वयं निमार्ण करे अर्थात प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की स्वंय की सृजनशीलता कल्पनाशीलता, तकनीक कौशल, कर्म कौशल एवं शिल्प कौशल को वरीयता दी जावें। विद्यार्थी बने बनाये प्रार्दश के उपयोग से बचे।
2. प्रादर्श मितव्ययी (कम लागत), सुवाह्य (पोर्टेबल) एवं टिकाऊ हो।
3. प्रादर्श के मूल्याकंन हेतु 03 सदस्यीय दल का गठन किया जावे जिनके द्वारा पृथक पृथक मूल्यांकन कर समेकित कर परिणाम की घोषणा की जावे। मूल्यांकन हेतु अंक निर्धारण निम्नानुसार है–

विद्यार्थी की कौशलता/ कल्पनाशीलता का समावेश	मौलिकता एवं नवाचार	व्यवसायिक सोच/उपागम /सिद्वान्त	तकनीकी कौशल/ कर्मकौशल/ शिल्प कौशल	प्रादर्श की उपयोगिता / व्यावसायिक महत्व	मितव्ययी /सुवाह्य / टिकाउपन	प्रतिभागी द्वारा प्रस्तुतीकारण	योग
15 अंक	15 अंक	15 अंक	15 अंक	15 अंक	15 अंक	10 अंक	100

5.1.b कौशल सेमिनार

संभागी–कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थी (व्यावसायिक शिक्षा) समयावधि–05 मिनिट प्रति संभागी।

सेमिनार–आयोजन के दिशा– निर्देश

1. विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी जिला स्तर पर भाग लेंगे।
2. सेमिनार में सभांगी अपने द्वारा किये गये कार्य एवं उसके प्रतिवेदन को सहायक सामग्री यथा चार्ट पोस्टर, कम्प्यूटर/लेपटॉप/मॉडल का प्रयोग कर दर्शको एवं निर्णायको के समक्ष प्रर्दशित करेंगें। तथा निर्णायकों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों का उत्तर भी देना होगा। (अधिकतम –02 प्रश्न)
3. संभागी द्वारा अपने प्रतिवेदन की प्रति तथा कुल 500 शब्दों में सांराश की प्रति प्रस्तुतिकरण के समय निर्णायक मण्डल को प्रस्तुत करनी होगी।
4. निर्णायक मण्डल द्वारा निर्णय किये जाने बाबत् अंक निर्धारण निम्नानुसार है–

प्रतिवेदन एवं समग्र कार्य	कौशल प्रस्तुतिकरण				
	विषय से सम्बद्धता, स्पष्टता एवं मौलिकता	सहायक सामग्री का यथोचित एवं प्रभावी प्रयोग	तर्किकता	प्रश्नोत्तर	योग
50 अंक	15 अंक	15 अंक	10 अंक	10 अंक	100 अंक

विद्यार्थी पंजीयन पत्र – अ

Skill Exhibition cum Competition

(प्रादर्श एवं सेमीनार प्रतियोगिता के लिये)

संभागी का आवक्ष फोटो प्रति हस्ताक्षर प्रधानाचार्य

- जिला स्तरीय आयोजन स्थल–.....
- आयोजन दिनांक–.....
- व्यवसाय (ट्रेड/सेक्टर) .....
- प्रतियोगिता का प्रकार–प्रादर्श (मॉडल)/सेमिनार .....
  (एक विद्यार्थी एक ही प्रतियोगिता में भाग लें)
- संभागी विद्यार्थी का नाम–.....

SEX Male Female

(जो उपयुक्त हो उस पर √ अंकित करें)

- पिता का नाम–.....
- मोबाइल नम्बर–.....
- विद्यालय का नाम–.....
- कक्षा – .....
- जन्मतिथि–.....
- आधार संख्या–.....
- कौशल मित्र का नाम व मोबाइल नम्बर .....

हस्ताक्षर
(सम्बन्धित स्तर का अधिकारी)
विद्यालय/जिला/राज्य

विभिन्न स्तर पर किये जाने वाले कार्य

1. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय तथा अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय (CDEO-DPC/ADPC Office) के कार्य

1. योजना के संबंध में समस्त प्रकार के पत्राचार एवं राशि जिला परियोजना समन्वयक/अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक के माध्यम से विद्यालयों को जारी करना।
2. जिलों के चयनित विद्यालयों के संस्था प्रधानों को योजना के संबंध में दिशा–निर्देश जारी करना।
3. Hub and Spoke Model हेतु जारी दिशा–निर्देशों अनुसार अपने जिले के चयनित विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा योजना का संचालन सुनिश्चित करना।
4. व्यावसायिक विषयों से संबंधित लैब स्थापना सम्बन्धित कार्य पूर्ण करवाना।
5. समय–समय पर व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालयों का निरीक्षण करना ।
6. माह में एक बार जिला स्तरीय कार्यालय में व्यावसायिक शिक्षा योजना संचालित विद्यालयों में योजना की प्रगति के संबंध में व्यावसायिक समन्वयकों के साथ बैठक आयोजित करना।
7. माह में एक बार व्यावसायिक शिक्षा योजना संचालित विद्यालयों में योजना की प्रगति के संबंध में संबंधित संस्थाप्रधानों के साथ बैठक आयोजित करना।
8. गेस्ट लेक्चर व औद्योगिक भ्रमण एवं ऑन जॉब ट्रेनिंग (OJT) की मॉनिटरिंग व राज्य स्तर से जारी दिशा निर्देशो के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाताओ द्वारा प्रस्तुत बिलों का संस्था प्रधान द्वारा प्रमाणीकरण करवाकर भुगतान करने हेतु संस्था प्रधान को आदेशित करना।
9. व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा नियोजित व्यावसायिक प्रशिक्षक एवं समन्वयकों के मानदेय भुगतान की समयबद्व पुनर्भरण प्रक्रिया सम्पादित करना।
10. योजना संचालन में आयोजित नियमित गतिविधियों पर किये जाने वाले व्यय का प्रतिमाह निर्धारित अवधि में शिक्षा मत्रांलय के प्रबन्ध पोर्टल पर नियमित प्रविष्टियां पूर्ण करवाना।
11. विद्यालयों से व्यावसायिक प्रशिक्षकों की ट्रेडवार उपस्थिति शाला दर्पण पोर्टल पर दर्ज किया जाना सुनिश्चित कराना व इसकी मॉनिटरिंग करना।

2. संस्था प्रधान द्वारा किये जाने वाले कार्य

व्यावसायिक शिक्षा योजना संचालित विद्यालयों के संस्था प्रधान एवं Hub and Spoke Model अन्तर्गत सम्बन्धित संस्थाप्रधान योजना के क्रियान्वयन हेतु निम्नानुसार कार्य सम्पादित करेगें:–

1. विद्यालयों के कक्षा 09 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ सम्पर्क स्थापित कर उन्हें व्यावसायिक शिक्षा योजना की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराना, तथा पर्याप्त मार्गदर्शन पश्चात् ही विद्यार्थियों का चयन सुनिश्चित किया जाना।
2. विद्यालय में आंवटित दोनो सेक्टर हेतु कक्षा 9 में 40–40 विद्यार्थियों का चयन (Spoke विद्यालय के अतिरिक्त) सुनिश्चित करना।
3. यदि विद्यालय Hub and Spoke Model अन्तर्गत चयनित है तो चयनित विद्यालयों में Hub and Spoke Model हेतु जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप व्यावसायिक शिक्षा योजना का संचालन सुनिश्चित करना।
4. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार विद्यालय के समय विभाग चक्र में व्यावसायिक शिक्षा विषय के शिक्षण हेतु कालांश/समय निर्धारित करना।
5. विद्यालय में दोनों सेक्टर हेतु दो अलग–अलग कक्षा कक्षों की व्यवस्था सुनिश्चित करना, जिसमें ट्रेड/सेक्टर से संबंधित प्रयोगशाला स्थापित हो।
6. कक्षा–कक्षों/प्रयोगशाला कक्ष में बिजली एवं विद्यार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना।
7. विद्यालय स्तर पर योजना के सफल संचालन हेतु विद्यालय के योग्यता एवं रूचि के अनुसार एक राजकीय शिक्षक यथा संभव विज्ञान वर्ग का वरिष्ठतम व्याख्याता को योजना का प्रभारी बनाकर कौशल मित्र के रूप में नामित करना।
8. विद्यालय में सेवायें प्रदान करने वाले व्यावसायिक प्रशिक्षकों की योग्यता से संबंधित प्रमाण–पत्रों का मूल प्रमाण पत्रों से मिलान करना एवं समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियाँ विद्यालय में संधारित करना।
9. विद्यालयों में व्यवसायिक प्रशिक्षकों की दैनिक उपस्थिति करवाये जाने हेतु विद्यालय में अलग से रजिस्टर संधारित कर सेक्टरवाइज उपस्थिति करवाना, जिसमें व्यवसायिक प्रशिक्षक का नाम नही लिखकर केवल सेक्टर का नाम व व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदाता (VTP`s) के नाम का ही उल्लेख करना है।
10. विद्यालयों में व्यावसायिक प्रशिक्षकों की दैनिक उपस्थिति करवाये जाने हेतु शाला दर्पण पोर्टल पर आनॅलाइन मॉडयुल जारी है पोर्टल पर संस्था प्रधान द्वारा व्यावसायिक प्रशिक्षको की ऑनलाइन उपस्थिति/अनुपस्थिति दर्ज करना।
11. विद्यालय में दोनो ट्रेड/सेक्टर से संबंधित प्रयोगशाला स्थापित करने में व्यावसायिक प्रशिक्षकों, व्यावसायिक समन्वयकों तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध विषय विशेषज्ञों की मदद

ली जाकर पं. सुन्दरलाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान द्वारा जारी टूल्स इक्युपमेंटस एंव फर्नीचर के स्पेशिपिकेशन के अनुसार, संस्था प्रधान अनुमोदित सूची के अतिरिक्त भी ट्रेड/सेक्टर से सम्बन्धित सामग्री क्रय करने हेतु प्रस्ताव दे सकते हैं किन्तु उक्त प्रस्ताव का विद्यालय विकास एवं प्रबधन समिति द्वारा अनुमोदन किया जाना आवश्यक है।

12. राज्य स्तर से व्यावसाय से संबंधित टूल्स इक्युपमेंटस एंव फर्नीचर व अन्य आवर्ती हेतु जारी राशि का उपयोग योजना के दिशा–निर्देश एवं शिक्षा मंत्रालय की गाईड लाईन, GF & AR, Manual on Financial Management and Procurement for RMSA तथा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 की पालना सुनिश्चित कराते हुये किया जाना आवश्यक है, इस संबंध में समय–समय पर परिषद् द्वारा जारी आदेश की पालना की जानी है।
13. व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा उपलब्ध कराये गये व्यावसायिक प्रशिक्षकों के शिक्षण कार्य का अवलोकन, उनके द्वारा संधारित की गई दैनिक डायरी, साप्ताहिक एवं मासिक योजना साथ ही उनकी मासिक उपस्थिति का प्रमाणीकरण निर्धारित प्रारूप में आवश्यक रूप से किया जाना।
14. व्यावसायिक प्रशिक्षकों को अनुबंध के अनुसार एक माह में एक आकस्मिक अवकाश देय होगा, अर्थात वर्ष भर में प्रत्येक व्यावसायिक प्रशिक्षक को कुल 12 अवकाश देय है, जिसका समस्त रिकार्ड संस्था प्रधान द्वारा संधारित किया जावेगा। संस्था प्रधान द्वारा व्यावसायिक प्रशिक्षकों की उपस्थिति निर्धारित प्रारूप में उपस्थित रहने पर "P", अवका । पर रहने पर नियमानुसार "L", अनुपस्थित रहने पर "A" तथा विभिन्न राजकीय/स्थानीय घोषित अवकाश होने पर "H" अंकित किया जाना।
15. व्यावसायिक प्रशिक्षक के अनुपस्थित रहने पर अनुपस्थिति दिवस के अगले दिन व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता को नोटिस जारी करना।
